तापमान
29.8° अधिकतम | 23.0° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 12 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 155 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



## ब्रीफ खबरें

### रांची में 2809 लाभुकों के आवास स्वीकृत

**रांची ।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को समाहरणालय में अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास स्वीकृति के लिए जिला स्तरीय बैठक की. बैठक में अबुआ आवास में वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में प्राप्त लक्ष्य 20828 के विरुद्ध कुल पंजीकृत 7879 हुए. जिसमें 2809 लाभुकों के आवास की स्वीकृति दी गई. बैठक में रांची डीडीसी दिनेश कुमार यादव, क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि के साथ कमेटी के सदस्य व एनजीओ के प्रतिनिधि मौजूद थे.

### 26 लाख की ठगी मामले का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**रांची।** सीआईडी ने 26 लाख 13 हजार रुपए की ठगी के मामले में एक आरोपित को हजारीबाग से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपित प्रदीप कुमार महतो हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र का रहने वाला है. इसके पास से पुलिस ने दो मोबाइल, एक सिम, पांच एटीएम, तीन पासबुक, दो पैन कार्ड और एक आधार कार्ड बरामद किया है. सीआईडी डीएसपी एमपी गुप्ता ने बुधवार को बताया कि गत 10 जून को साइबर क्राइम थाने में आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया था. दर्ज मामले में बताया गया था कि साइबर अपराधी के जरिये बैंक खाता में पंजीकृत मोबाईल नंबर को जियो से एयरटेल में सिम को पोर्ट करने के नाम पर 26 लाख 13 हजार रुपए ठगी किया था.

### नामकुम स्टेशन से शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रांची।** आरपीएफ ने नामकुम स्टेशन से शराब के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपितों में आशुतोष कुमार और मन्नू कुमार शामिल हैं. दोनों बिहार के सहरसा जिले के रहने वाले हैं. इनके पास से 24 शराब की बोतल बरामद की गई है. एएसआई रवि शेखर ने बताया कि शराब तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस के नामकुम स्टेशन पहुंचने पर चेकिंग की गयी. चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को दो ट्रॉली बैग के साथ ट्रेन में चढ़ते पाया. संदेह के आधार पर दोनों व्यक्तियों के बैग की जांच की गई. उनके बैग की जांच के दौरान उनके पास से कुल 24 शराब की बोतल बरामद की गई.

### जेल में तैनात सिपाही गांजा के साथ गिरफ्तार

**रांची।** धनबाद में जेल में तैनात एक सिपाही बुधवार की देर शाम गांजा के साथ पकड़ा गया. उसे जेल से धनबाद थाना लाया गया. पुलिस ने वर्दी खोलवा कर उसे हाजत में बंद कर दिया. थानेदार ने जेल के अंदर जाकर मामले की छानबीन की. ज्ञात हो कि शुभम संदेश ने तीन दिन पहले ही धनबाद जेल में गांजा और खैनी की बिक्री के संबंध में खबर प्रमुखता से छापी थी. ऊंची कीमत लेकर जेल में गांजा की बिक्री कर मोटी कमाई की जा रही है. जेल में गांजा के साथ सिपाही की गिरफ्तारी से उक्त खबर की पुष्टि हो गई है. फिलहाल, पुलिस महकमा सिपाही से पूछताछ कर गांजा व अन्य नशीले पदार्थों की जेल में आमद की जानकारी लेगा.

# 70 पार के हर बुजुर्ग को मिलेगा 'आयुष्मान योजना' का लाभ

## मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला

**संवाददाता। दिल्ली/रांची**

केंद्र की मोदी सरकार ने बुजुर्गों को बड़ा तोहफा दिया है. पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में बुजुर्गों के लिए बड़ा फैसला लिया गया है. मोदी कैबिनेट के फैसले के अनुसार 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिया जाएगा. जिसका ऐलान किया गया है. 70 साल और इससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना का लाभ मिलेगा. यानी अब केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए आयु सीमा को खत्म कर दिया है और 70 प्लस के हर बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का स्वास्थ्य सुविधा देने का फैसला किया है. इसमें आय का कोई सीमा बंधन नहीं रहेगा. यानी 70 साल और उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिक, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो इस योजना का लाभ उठाने के पात्र होंगे. इसकी जानकारी खुद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी. कैबिनेट बैठक के बाद अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया, पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रतिबद्धता जताई थी कि 70 साल से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना में कवरेज दिया जाएगा. ऐसे कई परिवार हैं जो पहले से ही इसमें कवर रहे हैं और उनमें वरिष्ठ नागरिक हैं. ऐसे परिवारों में अतिरिक्त टॉप-अप कवरेज 5 लाख रुपये का होगा. इस सुविधा के विस्तार का उद्देश्य लगभग ऐसे 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ पहुंचाना है, जिनमें 6 करोड़ वरिष्ठ लोग शामिल हैं. उन्हें प्रति परिवार 5 लाख रुपये का निशुल्क हेल्थ बीमा कवर मिलेगा. साल 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के तहत मोदी सरकार ने इस योजना शुरुआत की थी. इस योजना के तहत देशभर के चिह्नित सरकारी और निजी अस्पतालों में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज इस योजना के तहत कवर होने के बाद करवाया जा सकता है. अस्पताल में एडमिट होने के 10 दिन पहले और बाद के चिकित्सा खर्च का भी इस योजना के तहत भुगतान का प्रावधान है. हालांकि कुछ राज्य ऐसे हैं जिन्होंने इस योजना को अपने यहां लागू करने से इनकार कर दिया है और वहां पर राज्य सरकार खुद अपनी योजना चला रही हैं.

- 70 साल और उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिक, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो इस योजना का लाभ उठाने के पात्र होंगे



- इस सुविधा के विस्तार का उद्देश्य लगभग ऐसे 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ पहुंचाना है, जिनमें 6 करोड़ वरिष्ठ लोग शामिल हैं

**तकरार : भाजपा में थम नहीं रही पार्टी की अंदरूनी कलह**

# धनबाद व विश्रामपुर में भिड़े कार्यकर्ता, मारपीट-हंगामा

### भाजपा में कलह लोस चुनाव के पहले से ही शुरू है, पार्टी कई गुट में बंट चुकी है

**लगातार टीम। रांची**

धनबाद और विश्रामपुर में भाजपा की अंदरूनी कलह फिर से खुल कर सामने आ गई है. दोनों विस क्षेत्रों में बुधवार को भाजपा जिला कार्यालयों में प्रत्याशी चयन के दौरान खूब हंगामा हुआ. कार्यकर्ताओं के बीच लात और घूंसे चले. इसी क्रम में धनबाद जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रभारी किसलय तिवारी के नेतृत्व में प्रत्याशी चयन को लेकर रायशुमारी चल रही थी. इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने वोटिंग प्रक्रिया में मनमानी का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया. फिर क्या था विधायक राज सिन्हा और एलबी सिंह के समर्थकों के बीच मारपीट शुरू हो गई. धनबाद में भाजपा के अंदर कलह लोकसभा चुनाव के पहले से ही शुरू है. पार्टी कई गुट में बंट चुकी है.

उधर, विश्रामपुर विस क्षेत्र से प्रत्याशी चयन को लेकर भाजपा की रायकुमारी बैठक हंगामेदार रही. संभावित प्रत्याशियों के समर्थकों ने जम कर हंगामा किया. हालांकि रायशुमारी बैठक से बाहर निकले भाजपा नेताओं ने कहा कि सब ठीक है. बैठक में ऐसा कुछ नहीं हुआ है. हालांकि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल है, जिसमें भाजपा कार्यकर्ता हंगामा करते दिख रहे हैं. भाजपा से संभावित एक प्रत्याशी ने बताया कि बैठक में यह सब होता रहता है. कुछ लोगों ने विधायक प्रतिनिधि रामचंद्र यादव के साथ धक्कामुक्की की है, लेकिन यह सब गलतफहमी के कारण हुआ है. वही विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व विधायक पुत्र ईश्वर सागर चंद्रवंशी के साथ भी धक्का मुक्की किए जाने की बात कही जा रही है. बताया जा थहा है कि बैठक में रायशुमारी के लिए पर्ची का वितरण किया गया था, जिस पर अपने पसंदीदा प्रत्याशी का नाम कार्यकर्ताओं को लिखना था. आरोप है कि एक पक्ष के द्वारा खास लोगों को पर्ची दी गई और नाम लिखने को कहा जा रहा था. इसके बाद इस मामले में विवाद बढ़ता गया और चुनाव लड़ने के दावेदारी करने वाले के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए. बता दें कि बिश्रामपुर विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के अलावा नरेंद्र कुमार पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, सीएस दुबे समेत कई नेता अपनी-अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं.



धनबाद विधानसभा के प्रत्याशी रायशुमारी वोटिंग के दौरान मारपीट, हंगामा व धक्का-मुक्की करते हुए राज सिन्हा-एलबी सिंह के समर्थक.

### दुमका व देवघर में भी हुई थी झड़प

देवघर में भी जून में बीजेपी की बैठक में मारपीट हो चुकी है. लोस चुनाव के बाद हुई समीक्षा बैठक में विधायक नारायण दास और निशिकांत दुबे के समर्थकों में झड़प हुई थी. दास ने आरोप लगाया था कि दुबे के समर्थकों ने उनके साथ मारपीट की और गालियां दी. इसके बाद नारायण दास ने पार्टी नेतृत्व से मामले की जांच कर करने की मांग की थी, लेकिन न जांच हुई, न कार्रवाई हुई. दुमका में भी पदाधिकारियों के सामने कार्यकर्ताओं ने बवाल काटा था. समीक्षा के दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कुछ नेताओं की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया.

राज सिन्हा और एलबी सिंह समर्थकों के बीच विवाद को लेकर जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि रायशुमारी में कोई भी शामिल हो सकता है. प्राथमिक सदस्य बनने को लेकर अब सिर्फ मिस कॉल की औपचारिकता है. **-श्रवण राय, भाजपा महानगर अध्यक्ष**

## गणपति बप्पा चले अपने धाम





**धूमधाम से निकली विसर्जन शोभायात्रा:** श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के बीच विघ्न विनाशक भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को किया गया. राजधानी रांची में गाजे-बाजे के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी. अबीर-गुलाल उड़ाते और ताशे की धुन पर नाचते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु विसर्जन जुलूस में शामिल हुए. इस दौरान गणपति बप्पा मोरया की जयकारे से पूरा शहर गूंज रहा था . -फोटो : रमीज

# राज्य मंत्री संजय सेठ ने ऑस्ट्रेलिया में लैंड फोर्सेज एक्सपो में भारतीय पवेलियन का किया उद्घाटन

**संवाददाता। रांची**

रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया में लैंड फोर्सेज एक्सपो-2024 में इंडियन डिफेंस इंडस्ट्री के पवेलियन का उद्घाटन किया. यह पहला अवसर है जब लैंड फोर्सज एक्सपो में भारत भी शामिल हुआ है. संजय सेठ ने भारतीय पवेलियन के उद्घाटन के बाद भारतीय रक्षा उद्योग से जुड़े विभिन्न संस्थाओं के स्टॉल का अवलोकन किया. इस एक्सपो में डीआरडीओ, बीईएमएल, यंत्र इंडिया लिमिटेड सहित कई कम्पनी शामिल हुई.

संजय सेठ ने डीआरडीओ के वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की. एक्सपो में प्रदर्शित प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों के बारे में उन्होंने जानकारियां लीं. सेठ ने कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग को इससे नई गति और शक्ति प्रदान करने में यह एक्सपो सकारात्मक भूमिका निभाएगी. उत्पादन, रोजगार सहित कई क्षेत्रों में नए अवसर सृजित होंगे. सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारतीय रक्षा उद्योग को नई ऊंचाई प्राप्त हुई है. आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया जैसे मुहिम के माध्यम से दुनिया का आकर्षण बढ़ा है. हम एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे हैं. भारत अब रक्षा उत्पादों में अपनी आत्मनिर्भरता तो बढ़ा ही रहा है, साथ में उत्पादों का निर्यात भी कर रहा है.




## झाप्रसे के अफसर आज और कल काला बिल्ला लगा कर करेंगे काम

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारी अपनी 11 सूत्री लंबित मांगों को लेकर 12 और 13 सितंबर को सरकार के उदासीन रवैए के खिलाफ काला बिल्ला लगा कर कार्य करेंगे.अपनी मांगों पर जब तक कोई ठोस प्रगति नहीं होती, तब तक संघ के पदाधिकारी चरणबद्ध आंदोलन करेंगे. यह घोषणा संघ की प्रेस वार्ता में अध्यक्ष रंजीत हेंब्रम और महासचिव राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से की. मुख्य सचिव को भी इसकी जानकारी संघ की ओर से दी गई है. संघ के अध्यक्ष रंजीत हेंब्रम ने बताया कि झारखंड प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन के नाम पर बिहार प्रशासनिक सेवा के हूबहू मॉडल को हम पर थोपा जा रहा है. संघ झारखंड प्रशासनिक सेवा का पुनर्गठन चाहता है परंतु यह बिहार मॉडल पर आधारित नहीं होना चाहिए. वहीं सेवा संरचना का सुधार कर उसे बेहतर बनाने के स्थान पर राज्य सरकार द्वारा गैर राज्य सैनिक सेवा के पदाधिकारी को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति देने की अर्हता को शिथिल किया गया है. संघ ने इसका पुरजोर विरोध किया है और कैबिनेट के निर्णय को निरस्त करने की मांग भी की है.

# वज्रपात से हुई चारों युवकों की मौत, देर रात मिले थे शव

**संवाददाता। रांची**

राजधानी के मेसरा ओपी क्षेत्र के बीआईटी मेसरा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे स्थित स्वर्णरेखा नदी से मंगलवार की देर रात चार युवकों के शव मिले थे. पुलिस ने बुधवार की सुबह जब घटनास्थल की जांच की, तो पाया कि पेड़ पर वज्रपात हुआ है. ऐसे में पुलिस आंशका जता रही है कि बारिश होने के वजह से सभी युवक पेड़ के नीचे बैठे होंगे. इसी दौरान पेड़ पर वज्रपात होने से चारों युवकों की मौत हो गयी होगी. मृतकों में नेवारी गांव निवासी सोएब अंसारी, चुटू गांव के शाहिद अंसारी, आसिफ अंसारी व मकसूद अंसारी शामिल हैं. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने चारों शवों को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

**मछली मारने के लिए निकले थे घर से :** बीआईटी इलाके के नेवरी के रहने वाले चार युवक शोएब, साहेब नुरूल्लाह, मो आसिफ और मो मकसूद घर से मछली मारने की बात कह कर निकले थे. इसके बाद मंगलवार की रात करीब 12 बजे पुलिस को यह खबर मिली कि चार युवकों का शव तालाब के पास पड़े हुए हैं. घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थानेदार कुलदीप कुमार, बीआईटी मेसरा ओपी प्रभारी रोशन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. मौके से चार युवकों का शव बरामद हुआ. चारों शवों को देखकर यह लग रहा था कि वज्रपात होने से उनकी मौत हुई है. सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि मृतकों के शरीर को देखने के बाद प्रथम दृष्टया यही लग रहा है कि सभी की मौत ठनका गिरने से हुई है. दो युवकों के बाल पीछे से जले हुए थे ऐसा बिजली गिरने के बाद ही होता है.

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका :** वहीं, दूसरी तरफ चारों युवकों के परिजनों ने उनकी हत्या की आशंका जताई है. हत्या के आशंका जताते हुए देर रात परिजनों ने बीआईटी में जम कर हंगामा भी किया. कुछ लोग मामले को अलग रंग देकर माहौल खराब करने की कोशिश भी करने लगे. मौके पर मौजूद कुछ लोग चारों युवकों की हत्या किए जाने की बात कह कर सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास भी कर रहे थे. हालांकि पुलिस ने लोगों को काफी मशक्कत के बाद समझा बुझा कर शांत किया. सदर थाने की पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वत किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह से पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगी. इसमें कोई गड़बड़ी नहीं होगी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार ही आगे की कार्रवाई की जाएगी.



बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त पेड़.

**आयोजन** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बंद का मिश्रित असर, सड़क पर उतर की नारेबाजी, कहा-

# सरकार शिबू सोरेन के समतुल्य आंदोलनकारियों को देखे : पुष्कर महतो

**संवाददाता। रांची**

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आहूत झारखंड बंद बुधवार को सफल रहा. पूरे राज्य में आंदोलनकारियों के जोश व जुनून बंद के दौरान देखने को मिला. मालूम हो कि झारखंड आंदोलनकारी वीर दिशुम गुरु शिबू सोरेन, एके राय एवं विनोद बिहारी महतो ने लाल और हरा झंडा लेकर झारखंड अलग राज्य के आंदोलन का सूत्रपात किया था.

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केसदस्य पूरे राज्य भर में इस झंडा को लेकर झारखंड बंद करने के लिए उतरे. राजधानी के मेन रोड स्थित अल्बर्ट एक्का चौक के पास झारखंड मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो के नेतृत्व में झारखंड बंद करने के लिये समर्थक सड़क पर उतरे. आदिवासी समाज एवं कुशवाहा समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में तीर धनुष लिए झारखंड बंद करने के आंदोलन को गतिमान बना रहीं थीं, बड़ी गाड़ियों का परिचालन बंद से प्रभावित रहा, बस डिपो में सन्नाटा रहा. आंदोलनकारी रांची शहर में दुकानों को बंद कराया. पुलिस के साथ झड़प एवं कई जगह नोक झोंक भी हुए. शहर के व्यवसायियों ने शांतिपूर्ण बंद में आंदोलनकारियों को सहयोग दिया. संवैधानिक अधिकारों एवं राज्य गठन के मूल्यों की रक्षा के तहत आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए राजकीय मान सम्मान, अलग झारखंडी पहचान, बेटा-बेटियों को रोजी रोजगार एवं नियोजन के 100 फीसद अधिकार की गारंटी करने तथा स्वाभिमान के साथ आंदोलनकारियों के जीने के लिए सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु देने की मांग सरकार से की. सरकार से मांग की गई कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए पूर्व राज्यपाल कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को शीघ्र हटाने, पेसा कानून, समता जजमेंट लागू कर 26 फीसदी रॉयल्टी का अधिकार देने ,सीएनटी एसपीटी एक्ट का सख्ती से लागू करने की मांग की गई. झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि आंदोलनकारी अपने स्वाभिमान एवं् झारखंड की अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए हजारों की संख्या में परंपरागत अस्त्र-शस्त्र के साथ झारखंड बंद करने के लिए सड़कों पर जाति, धर्म एवं पार्टी की भावनाओं से ऊपर उठकर अपनी चट्टानी एकता का परिचय दिया. आंदोलनकारी ने ठान लिया है, कि वे अपने संवैधानिक अधिकार सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार लेकर रहेंगे. अपने पुत्र पुत्रियों के लिए रोजी रोजगार एवं नियोजन की 100 फीसदी गारंटी कराकर दम लेंगे. उन्होंने कहा कि सरकार को झारखंड आंदोलन के अगुआ नेता वीर शिबू सोरेन के मनोदशा को देखकर ही आंदोलनकारियों के शारीरिक एवं मानसिक दिन दशा को समझना चाहिए एवं समुचित सुविधाएं एवं लाभ सुलभ करना चाहिए.



**सड़क पर उतरे लोग मांगा सम्मान व पेंशन का अधिकार**

सड़क पर उतर कर नारेबाजी करते झारखंड आंदोलनकारी नेता.

### कहीं हल्का, तो कहीं असरदार रहा बंद

बुधवार को झारखंड बंद का असर कई जिलों में खास नजर नहीं आया तो वहीं कहीं कहीं पर इसका हल्का प्रभाव देखने को मिला. बोकारो, गुमला पलामू के कई इलाकों में सड़क जाम कर दिया गया. जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. कुछ समय के लिए वाहनों का परिचालन थम गया. गुमला, खूंटी व बोकारो दिखा असर गुमला के माझाटोली गांव व पालकोट, बसिया, और भरनो नेशनल हाईवे को दोपहर एक बजे तक जाम कर दिया गया था. सभी आंदोलनकारी सुबह में ही अपने पारंपरिक हथियार लेकर सड़कों पर उतर आए.

प्रधान सचिव और महाधिवक्ता को पार्टी प्रवक्ता बना रही है झामुमो, महाधिवक्ता की प्रेस कांफ्रेंस पर भाजपा का पलटवार

# हेमंत सोरेन सरकार राजनीतिक लड़ाई लड़ने में सक्षम नहीं : भाजपा

प्रमुख संवाददाता। रांची

- महाधिवक्ता जैसे संवैधानिक पद की गरिमा हो रही तार-तार, इसका तो रखें ख्याल

झारखंड के महाधिवक्ता के प्रेस कांफ्रेंस पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की जिस प्रकार महाधिवक्ता सरकार का गुणगान कर रहे हैं उससे वो महाधिवक्ता कम झामुमो के विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्त्ता ज्यादा लग रहे हैं. महाधिवक्ता एक संवैधानिक पद होता है और उस पद की गरिमा होती है. महाधिवक्ता ने जिस प्रकार संवैधानिक पद को ताक पर रखकर सरकार का गुणगान कर रहे. उससे स्पष्ट हो गया है की हेमंत सरकार राजनीतिक लड़ाई लड़ने में सक्षम नहीं है. अब हेमंत सरकार नेताओं के बदले अपने अफसरों एवं महाधिवक्ता को आगे कर के राजनितिक लड़ाई लड़ रही हैं. सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की अभी हाल ही में सरकार के झारखंड कैबिनेट सचिवालय सतर्कता विभाग के प्रधान सचिव वंदना दादेल ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिख कर भाजपा नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. आज महाधिवक्ता ने कहा की झारखंड देश का पहला राज्य है जहां वकीलों को सरकार अपनी योजनाओ से जोड़ कर आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है.



### हेमंत सोरेन सरकार ने 2021 में कोर्ट फीस में दस गुना वृद्धि की थी

महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए की पहली बार है की सरकार के किसी कार्य का गुणगान महाधिवक्ता हाई कोर्ट परिसर के अन्दर प्रेस कांफ्रेंस कर के कर रहे हैं. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए की हेमंत सरकार ने 2021 में कोर्ट फीस में दस गुना वृद्धि की थी और तब अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया था और उस वक्त महाधिवक्ता ने अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ और अवमानना का मामला बताया था. 6 और 7 जनवरी 2023 को बार काउंसिल के निर्देश पर 35000 से ज्यादा अधिवक्ता अदालती करवाई का बहिष्कार करने का निर्णय लिए थे. दूसरी तरफ महाधिवक्ता ने राज्य सरकार के सभी अधिवक्ताओं को 6 जनवरी 2023 को निर्देश दिये थे की कोर्ट में जाकर काम करें और 7 जनवरी को मुख्यमंत्री को ओर से आयोजित संवाद में सभी जिलो के सरकारी अधिवक्ताओं को कार्यक्रम में हिस्सा लेने का निर्देश दिए थे. महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए की हेमंत सरकार में कितने अधिवक्ताओं का हत्या हुआ और कितने अधिवक्ताओं पर केस दर्ज हुए. हेमंत सरकार के अब ऊंगली पर दिन बचे हैं, तो महाधिवक्ता को भी अपना पद उंगली पर गिनना शुरू कर देना चाहिए.

## शहर में आज

1. झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ का अनिश्चितकालीन धरना, राजभवन के समक्ष दिन के 10 बजे से
2. झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन धरना राजभवन के समक्ष दिन के 11 बजे से
3. झारखंड व्यावसायिक प्रशिक्षक संघ का धरना, राजभवन के समक्ष दिन के 11:30 बजे से
4. झारखंड कंप्यूटर वेलफेयर एसोसिएशन का धरना, राजभवन के समक्ष, दिन के 11 बजे से
5. झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ का धरना, राजभवन के समक्ष दिन के 11 बजे से

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### आज रांची आएंगे भाजपा के प्रभारी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी गुरुवार को सांगठनिक प्रवास पर रांची आयेंगे. वाजपेयी ट्रेन से सुबह आठ बजे रांची पहुंचेंगे. वे नेताओं के साथ चुनाव पर बैठक भी करेंगे.

### सुभाष मुंडा की हत्या के आरोपित को बेल नहीं

**रांची।** अपर न्यायायुक्त सचिंद्र बिरुआ की कोर्ट ने माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या के मुख्य आरोपित छोटू खलखो के सहयोगी अभिजीत कुमार पाड़ी को जमानत देने से इनकार कर दिया है. कोर्ट ने बुधवार को अभिजीत की जमानत याचिका खारिज कर दी है. आरोपित ने 31 अगस्त को जमानत याचिका दाखिल कर कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई थी. 26 जुलाई, 2023 को माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या रातू के दलादली चौक स्थित दफ्तर में ताबड़तोड़ गोली मारकर की गयी थी. इससे पहले हत्या के मुख्य आरोपित छोटू खलखो की चार सितंबर को अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी.

### अस्पताल से गायब व्यक्ति का शव तालाब में मिला

**रांची/खूंटी।** शहर के घनी आबादी वाले कर्रा रोड स्थित चौधरी तालाब में बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया. शव की पहचान मुरहू के गोड़ाटोली में रहने वाले जहीर खान (45) के रूप में हुई है. शव की पहचान करने वाले उसके पुत्र रहमान खान ने बताया कि उसके पिता जहीर खान की तबीयत खराब थी. उसे इलाज के लिए रविवार को खूंटी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अस्पताल में देखरेख के लिए वह भी पिता के साथ था. मंगलवार की शाम जहीर खान के लिए ग्लूकोज खरीदने अस्पताल से निकलकर बाजार चला गया। कुछ देर बाद जब वह ग्लूकोज खरीदकर वापस अस्पताल लौटा, तो देखा कि बेड से उसके पिता गायब हैं. इस पर उसने अपने पिता की आसपास खोजबीन की लेकिन कहीं उसका कुछ पता नहीं चला. उसे लग रहा था कि शायद उसके पिता किसी रिश्तेदार के घर चले गए हों. इसलिए वह रिश्तेदारों के यहां भी संपर्क करने के प्रयास में जुटा था. इसी बीच बुधवार सुबह शहर के चौधरी तालाब में एक व्यक्ति का शव बरामद होने की खबर मिलने पर वह मौके पर पहुंचा और शव की पहचान अपने पिता के रूप में की.

बेरोजगारों का डेटा ट्रक में भरकर सीएम तक पहुंचाने का दंभ भरा, पर निकल गई हवा

# संकल्प रैली में डेटा सार्वजनिक नहीं कर सके आजसू प्रमुख सुदेश महतो

- किया था दावा- अब तक तीन लाख से अधिक युवाओं ने भरा है डेटा

ब्यूरो प्रमुख। रांची

नौकरी और रोजगार के सवाल पर आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने युवाओं की झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा कर हेमंत सोरेन सरकार की घेराबंदी करने की कोशिश तो की, लेकिन इस सभा में वे राज्य भर के बेरोजगारों के डेटा को सार्वजनिक नहीं कर सके. जबकि नव निर्माण संकल्प सभा की तैयारियों से पहले उन्होंने दंभ भरा था कि राज्य भर से बेरोजगारों का डेटा जमा कर ट्रक से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचा दिया जाएगा. वैसे आठ सिंतबर को धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित नवनिर्माण संकल्प सभा में उन्होंने यह जरूर बताया कि पार्टी ने बेरोजगारों का जो डेटा जमा करने का अभियान चलाया था, उसमें अब तक ऑनलाइन तीन लाख युवा शामिल हुए हैं. साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ऑफलाइन भी ढेर सारे डेटा जमा किए हैं. लेकिन सार्वजनिक कुछ न कर सके.

**दावे फेल, हकीकत से मुंह मोड़ा तो उठ रहे सवाल :** अब इन आंकड़ों को लेकर राजनीतिक हलके और खासकर युवाओं के बीच कई तरह के सवाल उठ रहे हैं. युवाओं का कहना है कि आजसू नेताओं- कार्यकर्ताओं ने यदि ऑनलाइन तीन लाख बेरोजगारों का डेटा जमा किया था, तो कम से कम जिलावार संख्या सार्वजनिक करनी चाहिए थी. इससे सरकार के सामने चुनौती पेश की जा सकती थी. इसके अलावा यह भी बताया जाना चाहिए था कि ये तीन लाख युवा किन जिलों के हैं, वे कब से बोरजगार हैं और इनकी डिग्रियां क्या हैं. क्या नियोजनालय में उन्होंने अपने नाम दर्ज कराया है? सवाल ये भी उठ रहा है कि जिनके डेटा जमा किए गए हैं, यदि वे अभी स्कूल-कॉलेजों में पढ़ाई ही कर रहे हैं, तो बेरोजगार कैसे हो गए?



अपना ब्यौरा भरकर देने वाले राज्य के बेरोजगार नौजवान.

### 25 अगस्त से शुरू हुआ था अभियान

राज्य में बोरोजगार युवाओं के समर्थन के लिए 25 अगस्त से आजसू पार्टी की ओर से एक बेवसाइट www.biodataabhiyaan.in लांच किया गया था. सुदेश महतो और पार्टी ने सोशल मीडिया पर इस बेवसाइट पर जाकर युवाओं से ऑनलाइन डेटा भरने की लगातार अपील भी की. स्लोगन दिया गया- डेटा जरूर भरें, अपने भविष्य के लिए. आजसू के कार्यकर्ताओं ने राज्य के अलग- अलग हिस्सों में कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में भी जाकर युवाओं से ऑफलाइन बॉयोडाटा भी भरवाया था. इसके अलावा पार्टी ने जनजागरण अभियान चलाकर नौकरी, रोजगार और बेरेजगारी के सवाल पर सरकार की वादाखिलाफी को उजागर करने की कोशिश की. इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो भी अलग-अलग जगहों पर आयोजित चूल्हा प्रमुख सम्मेलन और मिलन समारोह में नौकरी, रोजगार, रिक्तियों के सवाल पर हेमंत सोरेन पर युवाओं के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए सरकार बदलने की हुंकार भरते रहे. लेकिन डेटा सार्वजनिक करने के बजाए हांका खींचते रहे.

### तीन सितंबर तक एक लाख का आंकड़ा

तीन सितंबर को पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस में युवा आजसू के नेता अमित कुमार ने बताया कि बॉयोडाटा संग्रह अभियान में युवाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है और अब तक एक लाख से अधिक युवाओं ने अपना बॉयोडाटा ऑनलाइन और ऑफलाइन जमा किया है. यह अभियान सात सिंतबर तक चलेगा. जाहिर है यह डाटा बढ़ेगा. सात तक जमा होने वाले डेटा को पार्टी आठ सितंबर को होनेवाली नवनिर्माण संकल्प सभा में सरकार के समक्ष पेश करेगी. लेकिन ऐसा कुछ कर न सके आजसू पार्टी प्रमुख. केवल भाषणबाजी ही हुई.

### संकल्प सभा में हुआ क्या?

संकल्प सभा में नौकरी, रोजगार, बेरोजगारी के सवाल पर हेमंत सोरेन सरकार पर आजसू पार्टी के तमाम नेता बरसे. सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए के लिए सुदेश महतो ने अगले दो महीने तक युवाओं का समर्थन मांगा, लेकिन बेरोजगारों के आंकड़े पर सिर्फ एक लाइन की बात की. आजसू की इस संकल्प सभा और अभियान के बारे में राजनीतिक गलियारे में भी चर्चा है कि भाजपा की युवा आक्रोश रैली की तरह सुदेश महतो ने दमखम दिखाने की कोशिश की, लेकिन सरकार को हिलाने के लिए हुई नवनिर्माण संकल्प सभा को असरदार नहीं बना सके. यो कहिए भाजपा के चुनाव प्रभारी उसी दिन रांची आनेवाले थे. सो सीट शेयरिंग में उनकी पार्टी की मांग पूरी हो, इस मकसद से भी रैली व सभा की गई थी.

झारखंड के महिला स्वंय सहायता समूह का काम हुआ ठप

# पीआरपी बीएपी के 850 कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

संवाददाता। रांची

अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर राज्य के प्रोफेशनल रिसोर्स पर्सन (पीआरपी) और ब्लॉक एंकर पर्सन) बीएपी) संघ के बैनर तले सैकड़ों कर्मचारियों ने पलाश जेएसएलपीएस हेहल कार्यालय के मुख्य गेट के सामने धरना शुरू कर दिया है.

संघ के अध्यक्ष मुन्ना कापरी ने कहा कि 2014 से महिला स्वंय सहायता समूह से राज्य के 850 कर्मचारी जडे. हैं. ग्रामीण महिलाओं के बीच जाकर सखी मंडल बनाते हैं. उन्हें महिला स्वंय सहायता से जोड़ कर उन्हे आत्मनिर्भर बना रहे हैं. लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हैं. दस साल से काम कर रहे हैं. इसके बाद भी दैनिक भत्ता पांच सौ रुपये से अधिक नहीं मिल रहा और न ही महंगाई भत्ता मिल रहा है. कर्मचारी नारायण महतो ने कहा कि झारखंड राज्य आजीविका प्रोफेशनल रिसोर्स पर्सनल (पीआरपी) के 500 कर्मचारी और ब्लॉक एंकर पर्सन के 250 से अधिक कर्मचारी हैं. मांग को लेकर विभाग को कई बार लिखित आवेदन दिए. इसके बाद भी मूलभूत मांगों को पूरा नही किया गया. इसपर कोई रुचि नही ली गयी है. इससे सभी पीआरपी बीएपी के लोगो में आक्रोश है. मौके पर सचिव मुस्तकीम रज़ा, कार्यकारणी सदस्य सबिता देवी, कार्तिक साहू, दीपक कुमार, संजीत कुमार, राजीव कुमार, सत्यजीत कुमार, जन्नत राजीव समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।



अपने कार्यालय पर धरना देते कर्मी.

### ये चार सूत्री मांगें हैं

- समान काम का समान वेतन दिया जाए.
- **पीआरपी बीएपी के सभी कर्मचारियों को जेएसएलपीएस के एचआर पॉलिसी से जोड़ा जाए.**
- काम का पैसा सीधा बैंक खाते मे दिया जाए.
- **महंगाई के अनुसार दैनिक भत्ता में वृद्धि की जाए.**

# धनबाद सीवरेज के लिए एडीबी 1300 करोड़ देगा

प्रमुख संवाददाता। रांची

- 550 करोड़ रुपये अम्रुत योजना से मिलेंगे
- **एशियाई विकास बैंक अधिकारी नगर विकास सचिव से मिले**
- सचिव ने परियोजना की प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश दिया

एडीबी झारखंड के नगरीय विकास के लिए ऋण दे रहा है. इसके तहत धनबाद सीवरेज फेज2 के लिए एडीबी ने 1300 करोड़ का ऋण मंजूर किया है. साथ ही एडीबी की सहायता से राज्य में 800 करोड़ से अधिक की पेयजलापूर्ति की योजनाएं चल रही हैं. इनकी प्रगति पर विचार- विमर्श के लिए एडीबी की टीम ने नगर विकास के प्रधान सचिव सुनील कुमार से बुधवार को मुलाकात की.

**परियोजना पर जल्द काम शुरू करने का निर्देश दिया :** प्रधान सचिव ने जुडको को परियोजना पर जल्द काम शुरू करने का निर्देश दिया. कहा कि सीवरेज लाइन बन जाने से धनबाद की सड़कें, गलियां व मुहल्ले जहां स्वच्छ रहेंगे, वहीं प्रदूषण पर नियंत्रण लगेगा. धनबाद सीवरेज के लिए 2195 करोड़ व्यय की अनुमति है, जिसमें 1300 करोड़ एडीबी ऋण देगा. 550 करोड़ रुपए अम्रुत योजना से मिलेंगे, जबकि शेष राशि राज्य सरकार देगी.

एडीबी बैंक की ही सहायता से हुसैनाबाद, झुमरीतिलैया, मेदिनीनगर व रांची फेज 2 ए के तहत पेयजलापूर्ति योजनाओं पर काम चल रहा, लागत लगभग 800 करोड़ होगी. एडीबी ने योजनाओं की समीक्षा की और प्रगति पर संतोष व्यक्त किया.

### हरदाग के लोगों ने विधायक प्रत्याशी को सुनाई अपनी फरियाद

**रांची।** खिजरी विधान सभा की हरदाग पंचायत में जनसमस्या पर ग्राणीणों की बैठक हुई. इसमें विधायक प्रत्याशी राज कच्छप शामिल हुए. ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया. बताया कि हरदाग पंचायत की समस्या जस की तस बनी हुई है. इस पंचायत की कोई विधायक-सांसद सुधि लेने नहीं आया. आज भी पंचायत में पानी की समस्या गभीर है. बारिश में शमशान घाट में शव जलाने में परेशानी होती है. इसको लेकर कई बार विधायक से शिकायत की गई. इसके बाद भी समाधान नही हुआ. बारिश में ग्रामीणों का कच्चा घर गिर गया. गरीबों झोपड़ी बना कर रहने के लिए विवश हैं. गरीबों का आज भी राशन कार्ड नही बना. विधायक प्रत्याशी कच्छप ने सभी समस्याओं को बुधवार को सुना. और लोगों को समाधान करने का आश्वासन दिया है.

### झारखंड में एमएसएमई में 38 लाख को मिल रहा है रोजगार: मंत्री

**रांची।** सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि झारखंड में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के जरिए 10 लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है, जबकि 10 लाख एमएसएमई झारखंड में निबंधित हैं. वे बुधवार को आरयू के आर्यभट्ट सभागार में कान्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि 5 साल में 30 लाख विश्वकर्माओं को पीएम विश्वकर्मा योजना से जोड़ने का लक्ष्य था, जबकि एक साल में ही योजना से 2.45 करोड़ लोग जुड़ गए.

मांझी ने कहा कि देश भर में 20 प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना की जा रही है, जिसमें से एक का बोकारो में शिलान्यास किया गया. इस पर 200 करोड़ खर्च होंगे. यह केंद्र एमएसएमई को तकनीकी सहायता देगा. युवाओ के कौशल विकास के लिए काम करेगा. देश में स्थापित हो रहे 100 विस्तार केंद्रों में से दो की स्थापना आईएसएम, धनबाद एवं रांची में किये जाने की स्वीकृति मंत्रालय द्वारा दी गई है.

## खूंटी में जेवर दुकान और बंद घरों में हुई चोरी का खुलासा, चार गिरफ्तार

संवाददाता। रांची/खूंटी

- चोरी हुए सामानों की बरामदगी के लिए भी खूंटी पुलिस है प्रयासरत

खूंटी शहर के प्रमुख नेताजी चौक में स्थित जतन ज्वेलर्स नामक दुकान में तीन दिन पूर्व हुई चोरी और तोरपा रोड तथा कर्रा रोड के दो बंद मकानों में हुई भीषण चोरी के मामले में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर लिया है. गिरफ्तार आरोपितों में खूंटी महादेव टोली निवासी बिट्टू नायक उर्फ़ नितिन नायक, सोनू महतो उर्फ डेंडे, बड़ाईक टोली निवासी मयंक नायक तथा मिठू नायक उर्फ कार्तिक शामिल हैं.

गिरफ्तार आरोपितों ने चोरी की उक्त घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है. उनकी निशान देही पर पुलिस ने चोरी के लिए ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे का एक साबल बरामद कर लिया है. यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने बुधवार शाम खूंटी थाना परिसर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. बताया गया कि पुलिस को गुप्तचरों से यह सूचना मिली कि जतन ज्वेलरी में हुई चोरी की घटना में महादेव टोली के बिट्टू नायक उर्फ़ नितिन नायक शामिल हैं. इस सूचना पर उसे हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई तो उसने जेवर दुकान में हुई चोरी की घटना के साथ ही तोरपा रोड में कुसुम लता टोपनो के बंद मकान और कर्रा रोड में प्रदीप पांडे के बंद मकान में हुई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए उक्त घटनाओं में शामिल अपने अन्य सहयोगियों के नाम पुलिस को बता दिया. बाद में उसके सहयोगियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. बताया गया कि इन घटनाओं में शामिल एक अन्य आरोपित महादेव टोली के नितिन नायक फरार है जिसकी तलाश के लिए छापेमारी जारी है. चोरी गए सामानों की बरामदगी के लिए पुलिस प्रयासरत है.

### तमाड़ में डायरिया से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की हुई मौत

**रांची।** जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र के लोधमा गांव में डायरिया के प्रकोप से बुधवार की देर शाम तीन लोगों की मौत हो गई. मृतकों में मंगल मछुआ 55 वर्ष तथा उसकी पत्नी 50 वर्ष तथा बैशाखी देवी 45 वर्ष शामिल हैं. डायरिया पीड़ितों को लेकर जब परिजन नजदीकी अस्पताल में लेकर गए तो सभी को मृत घोषित कर दिया गया. तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने मामले को लेकर संज्ञान लिया है. उन्होंने सिविल सर्जन रांची को इस संदर्भ में सूचित करते हुए अविलंब मेडिकल कैंप लगाने के लिए कहा है. जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो ने कहा कि गुरुवार की सुबह तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा लोधमा गांव पहुंच कर मृतकों के परिजनों से मिलेंगे तथा स्वास्थ्य संबंधी उपचार को लेकर व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे. उन्होंने कहा कि डायरिया के प्रकोप से बचाव के लिए सरकार हरस्तर से व्यवस्था करेगी. डरने की कोई बात नहीं है.

# बालू घाट एजेंसी के चयन पर जिला स्तरीय निविदा समिति की हुई बैठक

संवाददाता। रांची

डीसी राहुल सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय में बालू घाट एजेंसी के चयन को लेकर जिला स्तरीय निविदा समिति की बैठक हुई. बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने डीसी को अवगत कराया कि वैसे बालू घाट जिनका एकरारनामा नहीं हो सका है, उनकी ईएमडी की राशि जप्त कर ली गई है.

साथ ही डी एंपेनलेड एजेंसी की सूची संलग्न करते हुए कैटेगरी-2 बालूघाटों का फिर से माइन डेवलपर और ऑपरेटर (एमडीओ) एमडीओ चयन के लिए निविदा प्रकाशित करने का अनुरोध किया गया है. बता दें कि रांची जिला में कुल-19 बालूघाट चिन्हित हैं.

जिसमें दिसंबर 2023 में 18 बालूघाटों के फाइनेंसियल बिड में बाद एमडीओ का चयन कर सूचना झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लि. को उपलब्ध करा दी गई थी. वहीं एक बालू घाट का एक ही बिडर रहने के कारण बिड कैंसल कर दिया गया था.

डीसी ने बैठक में सभी सदस्यों से विचार के बाद प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य खनिज विकास लि. के पत्र के आलोक में, बालूघाटों के संचालन के लिए एमडीओ की नियुक्ति के लिए जिला स्तर पर वित्तीय निविदा की प्रक्रिया निष्पादित करने का निर्णय लिया है.बैठक में जिला खनन पदाधिकारी रांची अबु हुसैन, कार्यपालक अभियंता लघु सिचाई विभाग रांची, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग रांची उपस्थित थे.



समाहरणालय में बुधवार को बैठक करते उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा.

**विरोध जताया** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच का न्याय मार्च

# सहारा व अन्य कंपनियों में जमा पैसे जल्द नहीं मिले तो होगा आंदोलन : विजय

- भुगतान नहीं हुआ तो डेरा डालो-घेरा डालो आंदोलन शुरू किया जाएगा

संवाददाता। रांची

झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच रांची के बैनर तले पुराना विधानसभा मैदान से खून पसीने के जमा पैसे केंद्र व राज्य सरकार को भुगतान करना होगा, मेहनत के जमा पैसे लेकर रहेंगे जैसे नारे के साथ बुधवार को न्याय दो मार्च निकालकर मुख्यमंत्री के समक्ष जन प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई. समर्थन में तीसरा मोर्चा के घटक पार्टी संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, थर्ड फ्रंट के कई वरिष्ठ नेता बैनर लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे. इसका नेतृत्व झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने किया. उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सहारा इंडिया समेत दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे शुद सहित जल्द भुगतान करे नहीं तो जमाकर्ताओं को बड़ी संख्या में संगठित कर आंदोलन तेज किया जायेगा.

उन्होंने कहा कि पैसे भुगतान करने की गारंटी करें नहीं तो गांव से लेकर रांची और दिल्ली तक आंदोलन किया जायेगा. घोषणा करते हुए कहा कि भुगतान शुरू नहीं हुई तो घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन राज्य मुख्यालय में करने की चेतावनी दी है.

मौके पर झारखंड आंदोलनकारी सह थर्ड फ्रंट के कोषाध्यक्ष अब्दुल खालिक, दल के केंद्रीय नेता नील जस्टिन बेक, झारखंड आंदोलनकारी नेता श्याम सुंदर बडाईक, शिवचंद मांझी, शिवप्रसाद साहू, बंदे भगत, पुष्पा उरांव आदि वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखा. कार्यक्रम के उपरांत सहारा इंडिया, एपीलाईन, साईं प्रकाश, पल्स, बेसिल, विश्वामित्र, वेलफेयर समेत दर्जनों कंपनी में जमा पैसे की भुगतान संबंधी मांग-पत्र के साथ जमाकर्ताओं द्वारा भरे गये करीब 5000 विवरणी पर्ची को मुख्य सचिव के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, भारत सरकार व मुख्यमंत्री को भेजी गई. मौके पर बिगू खलखो, मांगा उरांव, कय्यूम अंसारी, सुखदेव कुमार, आदित्य सिंह, शिव प्रसाद साहू, बसंत बडाईक, पुष्पा उरांव, कमला देवी, सविता देवी, सुषमा उरांव, छोटी उरांव, विक्की मिंज समेत महिला-पुरुष बड़ी संख्या में शामिल थे.



बुधवार को जमाकर्ताओं ने बुधवार को न्याय दो मार्च निकाला.

### राजद ने प्रमंडलवार प्रभारी नियुक्त किये

**रांची।** प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने पंचायत स्तर पर संगठन और कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने के लिए झारखंड के पांचों प्रमंडल में संगठन प्रभारी नियुक्त किया है. प्रदेश मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि अध्यक्ष के निर्देश पर सभी लोग विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं. अब समय नहीं बचा है.

**प्रमंडलवार संगठन प्रभारी एवं सह प्रभारी :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल- कैलाश यादव, सह प्रभारी फैजुल हक रसीद, दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल-प्रभारी आबिद अली, सह प्रभारी रामकुमार यादव, कोल्हान प्रमंडल प्रभारी विक्रम प्रसाद यादव, सह प्रभारी ममता भुइयां, संथालपरगना के प्रभारी पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पलामू प्रमंडल के प्रभारी गिरधारी गोप, सह प्रभारी सुखदेव विद्रोही चुने गये.

## झारखंड की लोक कहानियों को पढ़ना चाहिए : डॉ. विनय भरत

संवाददाता। रांची

मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित पर्यावरण अध्ययन एवं आपदा प्रबंधन रिफ्रेशर कोर्स के अंतर्गत विशेष सत्र में बुधवार को डॉ. विनय भरत ने पर्यावरण और साहित्य विषय पर व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा कि हमें झारखंड की लोक कहानियों को पढ़ना चाहिए, जो पर्यावरण से जुड़ी हुई हैं. चाहे वह छैला संदू और बूंदी कहानी हो या बानर बहुरिया. कहानियां महुआ, हड़िया, पत्तों के दोने, लाख, इमली, शहतूत जैसे प्राकृतिक तत्वों के इर्द-गिर्द घूमती हैं. ये 50,000 साल पहले तक के पहाड़ों, नदियों और जंगलों को आज भी जीवंत बनाए रखती हैं. आज जब गांवों के पहाड़ी स्थलों को खनिज और खनन के लिए मिटाया जा रहा है, तब इन कहानियों और उनके पर्यावरणीय संदर्भों का महत्व प्रासंगिक हो जाता है.

उन्होंने जसिंता केरकेट्टा और महादेव टोप्पो की कविताओं का उल्लेख किया, जिसमें पर्यावरण पर विशेष जोर है. अब छोटे विज्ञापनों की पंच लाइन हमारे अवचेतन तक पहुंच रही हैं और हमारी जीवनशैली व संस्कृति को प्रभावित कर रही हैं. कार्यक्रम में स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. स्मिता लिंडा द्वारा किया गया.



साहित्यिक व्याख्यान सुनते लोग.

## ब्रीफ खबरें

### रेलवे क्रॉसिंग से मेकन तक सड़क बनने का रास्ता साफ

**रांची ।** रेलवे लेबल क्रासिंग के निकट डिबडीह आरओबी हरमू बाइपास से मेकन आरयूबी तक सड़क निर्माण कराने का रास्ता साफ हो गया है. इस एप्रोच रोड को बनाने के लिए मेकन से भी क्लीयरेंस मिल गया है. पथ निर्माण विभाग ने इसके निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया है. सितंबर माह के अंत तक इसे फाइनल कर दिया जायेगा. कई वर्षों से इसे बनाने का प्रयास चल रहा था, इसके बनने से आगमन सरल हो जायेगा. पथ निर्माण विभाग ने इसके अलावा डीएवी पुनदाग से डीएवी हेहल तक करीब पांच किमी सड़क बनाने के लिए भी टेंडर जारी किया है. इसे फोरलेन बनाया जायेगा.

### मारवाड़ी सहायक समिति की आम सभा 29 को

**रांची।** रांची नगर की 110 वर्ष पुरानी सामाजिक संस्था मारवाड़ी सहायक समिति के सत्र 2023-2024 की वार्षिक आम सभा (साधारण बैठक) 29 सितंबर को प्रातः 1030 बजे मारवाड़ी भवन, हरमू रोड में आयोजित की जाएगी. संस्था के मीडिया प्रभारी निर्मल बुधिया ने बताया कि उक्त बैठक में सत्र के दौरान किये गये कार्यों के साथ ही आय-व्यय का विवरण भी प्रस्तुत किया जायेगा. उन्होंने बताया कि बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है.

### रोटी बैंक को दी गयी रोटी बनाने वाली मशीन

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की रांची शाखा द्वारा बुधवार को रोटी बैंक रांची को रोटी बनाने वाली मशीन एवं आटा बॉल कटिंग मशीन दान में दी गई. रोटी बैंक द्वारा साढ़े चार वर्षों से झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स परिसर सहित अन्य स्थानों पर जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन कराया जा रहा है. रोटी बैंक के संस्थापक विजय पाठक ने महिला मंच के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपका सहयोग हमें सदैव मानवीय कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा. रोटी बनाने की मशीन मिल जाने से कार्य और भी आसान होगा। इस मौके पर निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष रूपा अग्रवाल, प्रादेशिक उपाध्यक्ष अलका सरावगी, पूर्व अध्यक्ष गीता डालमिया, अनुसूइया नेवटिया, शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, नैना मोर, मीना अग्रवाल, मंजू तुलस्यान, सुनीता सरावगी , कुसुम पटवारी एवं लक्ष्मी सर्राफ उपस्थित थीं.

**एकजुटता :** 42 आदिवासी संगठनों की बैठक में उठी मंदिर के ट्रस्ट को तत्काल भंग करने की जोरदार मांग

# देवड़ी मंदिर ट्रस्ट के खिलाफ निकाली जाएगी जनाक्रोश रैली

**संवाददाता।रांची**

देवड़ी मंदिर में बना ट्रस्ट का आदिवासी समाज ने जबर्दस्त विरोध किया है. अब उनकी ओर से ट्रस्ट को रद्द करने की मांग तेजी से उठने लगी है. देवड़ी ग्राम सभा के बैनर तले बुधवार को 42 आदिवासी संगठनों ने तमाड़ मेला मैदान में बैठक की, जिसमें राज्य भर के आदिवासी समाज के लोगों ने भाग लिया. बैठक में 29 सितम्बर को राज्य में जनआक्रोश रैली निकालने का निर्णय लिया गया. जहां सीएम, आदिवासी विधायक और सांसदों का पुतला फूंका जाएगा. वक्ताओं ने कहा कि मंदिर में बना ट्रस्ट अवैध तरीके से बनाया गया है.उसे जल्द रद्द करना होगा. वक्ताओं ने कहा कि दिउड़ी मंदिर में पूजा-पाठ करने के लिए चमरू पंडा को तमाड़ राज परिवार लाया था, लेकिन इसे पंडा ने इसे अपनी पुस्तैनी समझ रखा है. वहीं वर्ष 2021 में दिउड़ी मंदिर को लेकर जिला प्रशासन की ओर से ट्रस्ट बनाया गया है. जिसके अध्यक्ष बुंडू एसडीओ और तमाड़ सचिव अंचल अधिकारी सहित 13 सदस्यीय समिति बनाई गई है. यह ट्रस्ट भी विवादास्पद, असंवैधानिक और त्रुटिपूर्ण है.



तमाड़ मेला मैदान में आयोजित बैठक के लिए पहुंचे आदिवासी संगठनों के सदस्य.

वक्ताओं ने कहा कि तमाड़ अंचल का दिउड़ी गांव पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आता है. इस क्षेत्र में अनुच्छेद 244 लागू है. ग्राम सभा से पारित किये बिना ही ट्रस्ट बना दिया गया है. लोगों ने सवाल उठाया कि बिना राज्यपाल की सहमति के दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट कैसे बनाया गया है. वहीं इस ट्रस्ट के संचालन के लिए तेरह सदस्यीय इस समिति में महज चार सदस्यों के ही हस्ताक्षर हैं. यह ट्रस्ट कानून का भी उल्लंघन है, क्योंकि ट्रस्ट से आदिवासी-मूलवासी लोगों को बाहर किया गया है और प्रशासनिक सहयोग से बाहरी तत्वों का दबदबा कायम है.

सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी ने तय किया जुलूस का रूट

# रांची में 16 को निकलेगा ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**संवाददाता।रांची**

इस्लामी मरकज हिंदपीढ़ी रांची में एदारा ए शरिया झारखंड की सरपरस्ती में सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमेटी ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस की. जिस में एदारा ए शरिया झारखंड के नाजिम आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, कमेटी के अध्यक्ष मौलाना ताजुद्दीन, कारी अय्यूब, मुफ्ती जमील, मुफ्ती आकिब, मौलाना शमशाद, महासचिव अकीलुर्रहमान, मौलाना निजामुद्दीन, मौलाना आबिद रजा, कारी शौकत, कारी तालिब, मौलाना इरफान शामिल थे.

उन्होंने कहा की ईद मिलादुन्नबी पर कोई भी बैनर पोस्टर में अपना फोटो, संस्था का फोटो नहीं लगायेंगे, जुलूस में दूसरे देश का झंडा लेकर नहीं चलेंगे. सिर्फ इस्लामिक झंडा होगा. जुलूस में डीजे, बड़ी गाड़ी, कोई अलग नारा नहीं लगाएगे. हर हाल में कमेटी की गाइडलाइन मानना होगा. जुलूस 16 सितंबर को दिन के 11 बजे निकलेगा. सभी जुलूस अपने तय रूट से होते हुए डोरंडा मजार पहुंचेगा. ईद मिलादुन्नबी पूरे आस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ रांची के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जुलूस निकाला जायेगा. शहरी क्षेत्र एवं विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से जुलूस निकल कर अपने अपने क्षेत्रों से सुबह 7 से 8 बजे के बीच अपने तय मार्गा से होते हुए 10:30 बजे दीन में कर्बला चौक पहुंचेगी. कांटाटोली मौलाना आजाद कॉलोनी, इलाही बख्श कॉलोनी, गढ़ाटोली, रमजान कॉलोनी, कुरैशी मोहल्ला कांटाटोली, कांटाटोली चौक, रजा कॉलोनी के सारे जुलूस कांटाटोली चौक से नया टोली पथलकुदवा चौक पहुंचेगी. मोरहाबादी एदलहातू बरियातू का जुलूस अपने तय मार्ग करमटोली न्युक्लियस मॉल से थड़पखना मस्जिद के पास पहुंचेगी. थडपखना एवं लालपुर के जुलूस इस जुलूस को शामिल कर लालपूर चौक होते हुए बढ़ईटोली संतअन्ना स्कूल गली होते हुए पुरुलिया रोड से गुजर कर पथलकुदवा चर्च लेन होते हुए पथलकुदवा चौक पहुंच कर संयुक्त रूप से सभी जुलूस अपने तय मार्ग से गुजर कर आजाद बस्ती गुदड़ी चौक, कर्बला टैंक रोड होते हुए कर्बला चौक पहुंचेगी. मालूम हो कि पथलकुदवा मिल्लत कॉलोनी हड़गड़ी रोड, इस्लाम नगर, फूल बगान, आजाद बस्ती, गुदड़ी कुरैशी मोहल्ला, गुदड़ी चौक नाजिर अली लेन बलदेव सहाय लेन काली स्थान रोड.चिशतिया मोहल्ला के सारे जुलूस उक्त जुलूस में शामिल रहेंगे. ग्रामीण क्षेत्रों के जुलूस जिसमे कोंगे, चंदवे, ओयना, भीठा, जयपुर कांके रोड, पंडरा के जुलूस अपने तय स्थान से दो पहिया एवं चार पहिया छोटे वाहनों में सवार होकर सर्कुलर रोड,न्युकिलियस माल जेल रोड होते हुए थड़पखना के जुलूस में शामिल होकर तय मार्ग से पथलकुदवा होते हुए कर्बला चौक पहुचेगी. पुंदाग का जुलूस इलाही नगर, डीपाटोली के जुलूस को साथ लेकर अरगोड़ा चौक अशोक नगर होते हुए कडरू पहुंचेगी, एवं कडरू के जुलूस में शामिल होकर होटल रेडीशन बुलू होते हुए सुजाता मैन रोड इकरा मिस्जद आकर वहां के जुलूस में शामिल होगी. पहाड़ी टोला, गाड़ी खाना हरमू आदि का जुलूस पुरानी रांची कुम्हार टोली लेक रोड होते अंजुमन प्लाजा उर्दू लायब्रेरी मेन रोड पहुंच कर आने वाले जुलूस में शामिल हो जायेगी व इकरा मस्जिद के पास पहुंचेगी. हिन्दपीढ़ी इस्लामी मरकज के जुलूस के साथ मोजाहिद नगर, नेजाम नगर, लाह फैक्ट्री रोड. कुर्बान चौक, ग्वाला टोली का जुलूस मस्जिदे औलिया होते हुए हिन्दपीढी के सारे जुलूस इस्लामी मरकज के जुलूस के साथ मिलकर अपने तय मार्ग से मंटू चौक राईन मस्जिद होते हुए तेवारी स्ट्रीट से निकल कर अंजुमन प्लाजा, डॉ फतेहउल्लाह रोड होते हुए विकांत चौक पहुंच कर कर्बला चौक की तरफ से आने वाले सारे जुलूस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से चर्च रोड, ओल्ड टैक्सी स्टैंड, डेली मार्केट उर्दू लाईब्रेरी अंजुमन प्लाजा होते हुए एकरा मस्जिद चौक पहुंचेगी. एकरा मस्जिद चौक के पास उलेमा ए कराम द्वारा पैगम्बर मोहम्मद (स.) साहब की जीवनी पर संबोधन किया जाएगा.

**जुलूस में बड़ी गाड़ी, दूसरे देश का झंडा, कोई अलग नारा, बैनर पोस्टर पर अपना फोटो लगाने पर प्रतिबंध**



प्रेस कॉन्फ्रेंस में जुलूस के संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमेटी के पदाधिकारी.

### डीएसएमपीयू के वीसी से मिला एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल, दिया ज्ञापन

**रांची ।** रांची जिला एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य से मिला एवं उन्हें अपनी मांगों से को ज्ञापन सौपा. भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा दिये गये ज्ञापन मांग की गयी है कि एमबीए/बीबीए में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति मेरिट में आए सभी प्राध्यापकों की डिग्री की जांच की जाए. इसके बाद नियुक्ति की जाये. प्रतिनिधिमंडल में अमन अहमद, रोहित पांडे, किश्वर तहरीम, पवन कुमार, हुसैन अंसारी, प्रिंस राज, सरफराज अहमद, सहबान अंसारी आदि छात्र शामिल थे.

### चैंबर चुनाव के लिए आज की जा सकेगी नाम वापसी

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2024-25 के कार्यकारिणी समिति/क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन पूरे हो गये हैं. कुल 46 लोगों ने नामांकन किया है. इनमें 38 नामांकन कार्यकारिणी समिति के आठ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के हैं. 12 सितंबर को नाम वापसी संध्या 4 बजे तक होगी. नामांकन वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा. मालूम हो इस बार चैंबर आफ कामर्स के चुनाव में परेश गट्टानी और शैलेंद्र कुमार सुमन की टीम चुनावी मैदान में आमने-सामने है. मालूम हो चैंबर का चुनाव 22 सितंबर को है. चुनाव के बाद ही यह तय होगा की जीत का सेहरा किसके सर सजेगा. प्रत्याशी अभी मोबाइल फोन पर मैसेज कर मतदान करने की अपील चैंबर के मतदाताओं से कर रहे हैं. वे मतदान के अधिकार के महत्व की जानकारी दे रहे हैं. 12 सितंबर के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन होने के बाद प्रचार-प्रसार तेज हो जायेगा.

## न्यूज अपडेट

### पीएम के रांची दौरे पर पुनर्विचार हो : प्रार्थना सभा



**रांची।** रांजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के लोगो ने पीएम के झारखंड दौरे को लेकर हरमू देशावली में चिंतन मंथन किया. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा ने की. उन्होंने खेद जताते हुए कहा कि आदिवासियों का पर्व करमोत्सव पूरे राज्य में पर्व करमोत्सव पूरे राज्य में 14 सितम्बर को आस्था से मनाया जाएगा. ऐसे मे 15 सितंबर को पीएम का झारखंड आना, यहां के लोगों को धर्म-कर्म एवं पूजा पाठ और करम पूजा से वंचित करने जैसा है, क्योंकि इसके लिए 3-4 दिन पहले से ही स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को विधि व्यवस्था में लगाना पड़ेगा. इसके कारण आदिवासी समाज के पुलिस पदाधिकारी पूजा में शामिल नहीं हो पाएंगे. झारखंडियों की धार्मिक भावना को समझते हुए इस पर बीजेपी आला कमान को पुनर्विचार करना चाहिए.

### रांची में मास्टर्स टेनिस प्रतियोगिता 14 सितंबर से



**रांची।** खेलगांव स्थित टेनिस स्टेडियम में 14 से 20 सितंबर तक मास्टर्स टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन होगा. झारखंड टेनिस एसोसिएशन यह आयोजन इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) व ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) के मार्गदर्शन में कर रहा है. इसमें मास्टर्स टेनिस टूर के रूप में देश-विदेश के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. प्रतियोगिता का प्रायोजक कोल इंडिया है. झारखंड के खेल सचिव मनोज कुमार ने बुधवार को प्रतियोगिता की स्मारिका के रूप में टी-शर्ट का विमोचन किया. उन्होंने एसोसिएशन को प्रतियोगिता की सफलता की शुभकामनाएं दीं. प्रतियोगिता में 30 , 35 , 40 , 45 , 50 , 55 , 60 व 65 आयु वर्ग में सिंगल्स, डबल्स व मिक्स्ड डबल्स के मैच खेले जायेंगे. ज्ञात हो कि इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन की ओर से हर साल आईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर के तहत एमटी 100, एमटी 200, एमटी 400, एमटी 700 व एमटी 1000 का आयोजन पूरे विश्व में किया जाता है.

### पहाड़ी मंदिर परिसर में किया गया पौधारोपण



**रांची ।** जेसीआई रांची यूथ की ओर से बुधवार को पहाडी मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया, अध्यक्ष सोनल अग्रवाल के नेतृत्व में यूथ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पौधारोपण करते हुए पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए पौधारोपण को जरूरी बताया. पर्यावरण संरक्षण का अच्छे स्वास्थ्य के लिए कितना महत्व है, इसके बारे में सदस्यों द्वारा वहां मौजूद लोगों को बताते हुए उन्हें भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया. मालूम हो कि जेसीआई रांची यूथ के द्वारा 9 से 15 सितंबर तक जेसीआई वीक मनाया जा रहा है. पूर्व तय योजना के तहत यूथ के पदधारियों ने पौधारोपण के उपरांत एमवीएस किड्स स्कूल के कक्षा 4 से 8 के बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया. प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया. सफल बनाने में सचिव ऋचा जालान, निशि सराफ, मोनिका गोयनका, भावेश राठौड़, शुभनीश सोंथालिया शामिल हैं.

### कोकर इंडस्ट्रियल एरिया में बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन



**रांची।** कोकर गणेश पूजा समिति द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया गेट नंबर 2 पर मंगलवार को भंडारा किया गया और शाम में बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस धूमधाम से निकाला गया. इस अवसर पर समिति के सदस्य संजीव विजयवर्गीय, चुन्नू सिंह, चंचल चटर्जी, गणेश पूजा रांची महानगर अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह चंदेल, अरविंद मंडल, मुकुल सिंह, युवराज पासवान, दीपू पासवान, नवीन सिंह, गुड्डू सोनी, रोहित सिंह, सतीश कुमार, मुकुल सिंह, नवीन सिंह, जीतू सिंह, दीपू सिंह और सभी सदस्य उपस्थित थे. यह जानकारी मीडिया प्रभारी मनोरंजन सिंह और रोहित सिंह ने दी.

### सीएमपीडीआई अंतर क्षेत्रीय संस्थान वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू



**रांची।** सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान 3 रांची के तत्वावधान में संस्थान के खेल मैदान में बुधवार से तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने किया. इस मौके पर निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती उपस्थित रहे. इस तीन दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन सत्र में सबसे पहले लीग मैच में क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर का मुकाबला क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद के बीच हुआ. इसमें भुवनेश्वर की टीम ने धनबाद की टीम को 25-14, 25-19 से पराजित किया. दूसरे लीग मैच में क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर का मुकाबला मुख्यालय-रांची के बीच हुआ. इसमें रांची ने बिलासपुर को 25-22, 19-25, 15-03 से पराजित किया.

## इस्लाम दौलत से नहीं, नबी के अच्छे आचरण से फैला : तहजीबुल

**संवाददाता।रांची**

मस्जिद जाफरिया में झारखंड के लोकप्रिय सोजख्वान सैयद अत्ता इमाम रिजवी की पत्नी स्वर्गीय कंबरी खातून बिंत स्वर्गीय तालिब हुसैन की स्मृति सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व झारखंड वक्फ बोर्ड के सदस्य व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि अल्लाह तआला अपने बंदों की दौलत नहीं देखता, इज्जत नहीं देखता, शोहरत नहीं देखता, काला-गोरा रंग नहीं देखता. देखता है तो सिर्फ उसकी नीयत, अगर नीयत (इरादा) सही हो तो सब कुछ अच्छा होता है. आमाल (नेक कार्यों)का दारो मदार नीयत पर निर्भर करता है. मौलाना ने कहा कि अमल इरादे पर निर्भर करता है, हम सभी को अपने अंदर देखना होगा कि हमारे अंदर क्या बुराई है और क्या अच्छाई है, यदि हम नमाज पढ़ रहे हैं और मजलिस में बैठे हैं और बैठने से हमारे अंदर कुछ भी नहीं बदलता है. हम झूठ बोलते हैं, हममें बुराई है, तो फिर मजलिस में बैठने या नमाज पढ़ने से कोई फायदा नहीं. मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन की मजलिस का फर्श न तो बुराई को पसंद करता है और न ही बुरे लोगों को पसंद करता है, इस्लाम धर्म फैला है तो वह पैगम्बर मोहम्मद (स.) के अच्छे आचरण के कारण फैला है. इसीलिए कहा जाता है कि अपने अंदर अख्लाक संस्कारों को सुधारो, इस्लाम धन से नहीं, बल्कि अच्छे संस्कारों से फैला है. आइये हम सब ऐसे रहें कि लोग देखें और समझें कि ये अली वाले लोग हैं.

## रोजगार मेले में अभ्यर्थियों को मिला ऑन स्पॉट ऑफर लेटर

**संवाददाता।रांची**

श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग की ओर से बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया. आयोजन अवर प्रादेशिक नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर, रांची में किया गया. इसमें कुल 19 नियोजकों से रिक्तियां प्राप्त हुई, जिनमें से 17 नियोजकों ने हिस्सा लिया. उनमें अमेटी यूनिवर्सिटी रांची, कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रांची, राज हॉस्पिटल रांची, सीएमसी मिटकॉन मेगा स्कील रांची, रानी हॉस्पिटल रांची, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण बैंक रांची, वर्सन सिक्यूरिटी सर्विस रांची एवं रांची सिक्यूरिटी प्रालि शामिल हैं.

रोजगार मेला मे 950 अभ्यर्थी शामिल हुए. नियोजकों द्वारा 90 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया. 105 अभ्यर्थियों को चयनित कर ऑन स्पॉट ऑफर लेटर दिया गया. मेले का आयोजन नियोजन पदाधिकारी, राजेश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया. मालूम हो कि अलग-अलग योग्यता के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया गया. नियोजन कार्यालय ने कहा है कि समय-समय पर रोजगार मेला एवं भर्ती कैम्प का आयोजन कर निबंधित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोगजार के अवसर प्रदान किए जाते हैं. झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 के प्रभावी होने के उपरांत स्थानीय नियोजकों की भागीदारी मेला में बढ़ी है. अधिनियम के अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला के माध्यम से रोजगार के अवसर से जुड़ने के लिए स्थानीय उम्मीदवार रोजगार पोर्टल https://jharniyojan.jharkhand.gov.in में नाम रजिस्टर्ड कर सकते हैं.

## राजधानी रांची में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक मनायी राधाष्टमी

**संवाददाता।रांची**



भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि बुधवार को राजधानी में राधाष्टमी श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनायी गयी. घरों में तो सनातनी नेम-निष्ठा से व्रत उपवास कर राधा रानी की भक्ति में रमे ही रहे, मंदिरों में भी उत्साह से उत्सव मनाया गया. माना जाता है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी करने वाले भक्तों का राधाष्टमी का व्रत धारण करने पर ही पूर्ण फल की प्राप्ति होती है. इसी भाव से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्रत रखा. पूजा-अर्चना कर श्रीराधा को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी. इस अवसर पर कांति कुटीर अपार्टमेंट, पिस्का मोड़ में भव्य आयोजन किया गया. दिन के दस बजे पूजा-अर्चना से उत्सव की शुरुआत हुई. इसके बाद घनश्याम तिवारी ने साथी कलाकारों के संग भक्ति की अविरल धारा बहायी. राधे राधे रटो चले आएंगे बिहारी .... जैसे भजनों पर श्रद्धालु घंटो नाचते-झूमते रहे. इस बीच दोपहर वृहत रूप में भंडारा भी चलाया गया. बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद रूप में स्वादिष्ट व्यंजन ग्रहण किया. रघुनाथ प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, जानकी देवी, संगीता देवी, दशरथ प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, माखन आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

**उच्च शिक्षा** आईएसएम पुदाग में नये शैक्षणिक सत्र के लिए स्टूडेंट्स इंडक्शन कार्यक्रम प्रारंभ

# युवाओं के कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है : हरिहरन

**संवाददाता।रांची**

भारतीय इस्पात अभिकरण लिमिटेड के पूर्व निदेशक डॉ. हरिहरन ने कहा कि प्रबंधन शिक्षा से छात्र-छात्राएं अपना कैरियर बनायेंगे. डॉ. हरिहरन बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में आईएसएम पुंदाग में शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 में नामांकित नए छात्र-छात्राओं का स्टूडेंट्स इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ कार्यक्रम में विचार व्यक्त कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आज के युवा राष्ट्र निर्माता हैं. युवाओं के कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. उन्होंने आशा व्यक्त की कि छात्र-छात्राएं संसाधन प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन प्रोडक्ट पर अपनी भूमिका सुनिश्चित करेंगे.



स्टूडेंट्स इंडक्शन प्रोग्राम का उद्घाटन करते डॉ. हरिहरन और अन्य.


विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान के अध्यक्ष प्रो आरके वर्मा ने कहा कि नए छात्र और छात्राओं को चुनौतियों और जोखिमों को अवसर में परिवर्तित कर लेने और अपनी ताकतों को निरंतर बढ़ाने की जरूरत है. इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 में बीबीए, एमबीएऔर होटल मैनेजमेंट के बैचलर डिग्री कोर्स में दाखिला लिए नए छात्र और छात्राओं का स्वागत व अभिनंदन किया गया.

आईएसएम के निदेशक सह सचिव एवं समारोह अध्यक्ष डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने कहा कि नए छात्र और छात्राओं के लिए प्रबंधकीय और उद्यमिता क्षमता को विकसित करने का यह एक अनुपम अवसर है. आईएसएम एक पुरानी संस्था होने के कारण एक मजबूत इको सिस्टम विकसित कर चुका है, जहां छात्र-छात्राएं सफलतम व्यक्ति बनेंगे. संयुक्त सचिव डॉ सुशील कुमार ने संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. नए छात्र-छात्राओं ने अपना उत्साह दिखाया और प्रसन्नता और आभार प्रकट किया. नए विद्यार्थियों को एआईसीटीई के मार्गदर्शन के अनुसार प्रबंधन शिक्षा के मूल विषय, पर्यावरण, इनोवेशन, स्टार्टअप, बिजनेस मैनेजमेंट, लीडरशिप, भारतीय ज्ञान प्रणाली, स्वास्थ्य लाभ, व्यक्तित्व विकास आदि विषयों पर विशेष व्याख्यान आयोजित किये जायेंगे. नए विद्यार्थियों ने अपना अपना परिचय दिया और अधिकांश विद्यार्थियों ने उद्यमशीलता के क्षेत्र में अपना भविष्य संवारने का निर्णय लिया. मौके पर शिक्षक आरएन भंजदेव, सुशांत शेखर, अमित कुमार, नीरू कुमारी, जुली कुमारी आदि शामिल थे. संचालन पूजा गुप्ता, सहायक प्राध्यापक व रंजना कुमारी, धन्यवाद ज्ञापन प्रीती शर्मा ने किया.

# लोभ के चक्कर से खुद को बचाना नितांत आवश्यक है : निखिल जैन

**संवाददाता।रांची**

श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर, जयपुर से अध्ययन कर चुके विद्वान निखिल जैन शास्त्री ने कहा कि लोभ के चक्कर से खुद को बचाना नितांत आवश्यक है, क्योंकि लोभ पापों का मूल है. निखिल जैन बुधवार को दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन अपरबाजार के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं के समक्ष प्रवचन कर रहे थे.



शास्त्री जी ने शास्त्रसभा में उपस्थित लोगों को धन और यश के लोभ की चिंता से बचने की प्रेरणा दी, क्योंकि यह सभी पुण्यकर्म से मिलता है तो इसकी चिंता व्यर्थ है, मनुष्य को चाहिए कि वह पवित्र मन से व्यापार आदि सभी कार्य करें धन और यश का लाभ स्वतः ही होने लगता है. जिस प्रकार समुद्र अनेक नदियों से भी तृप्त नहीं होता, उसी प्रकार इंसान विश्व की संपूर्ण दौलत को पाने के बाद भी सुखी और संतुष्ट नहीं होता. यदि मनुष्य अपने भीतर से लोभ कषाय को निकाल दे तो जीवन में आये संतोष के धन से सुख प्राप्त अवश्य हो सकता है. समाज में व्याप्त हिंसा, अनाचार, भ्रष्टाचार, चोरी, अपहरण हत्या, अपराध सब लोभ के कारण ही होता है. जिसमें लोभ की प्रवृत्ति रहेगी, उसमें पवित्रता संभव ही नहीं. शास्त्री ने कहा कि जो मनुष्य आज अनेक प्रकार के पापों को करते हुए भी सुखी हैं वे समझ लें कि उनको से सभी सुख अंतिम बार मिले हैं.

